Finish 196.5 x 260 mm

# समाज विकास

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का मुखपत्र

• मार्च २०१९ • वर्ष ७० • अंक ०३
मूल्य : ₹ १० प्रति, वार्षिक ₹ १००

*१० मार्च २०१९ को कोलकाता में आयोजित सम्मेलन के होली प्रीति मिलन सह सम्मान समारोह में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री रमेश चंद्र लाहोटी को 'मारवाड़ी सम्मेलन राजस्थानी व्यक्तित्व सम्मान' से नवाजते सम्मेलन के पदाधिकारीगण ; (चित्र में बायें से) सर्वश्री डॉ. हरिप्रसाद कानोड़िया, नन्दलाल रुँगटा, श्रीमती कौशल्या लाहोटी, संतोष सराफ, न्यायमूर्ति लाहोटी, सीताराम शर्मा, प्रह्लादराय अगरवाला, राम अवतार पोद्दार एवं अन्य।*

## इस अंक में:

★ *अध्यक्षीय: होली की शुभकामनायें!*

★ *सम्पादकीय : जीवन को रंगीन बनाये रंगोत्सव*

★ *अखिल भारतीय समिति की बैठक*

★ *कर्नाटक प्रादेशिक शाखा का पदभारग्रहण*

★ *होली में उपाधियों का मुक्तहस्त वितरण*

★ *वायुसेना की जांबाज फाईटर पायलट - प्रतिभा पुनिया*

*३ मार्च २०१९ को हैदराबाद में आयोजित सम्मेलन की अखिल भारतीय समिति की बैठक में सम्मेलन के पदाधिकारीगण एवं समिति के सदस्य।*

## होली की हार्दिक शुभकामनाएँ!

LINC
Think it. Linc it.
pentonic
born
of
black
pentonic™
Write the future
Begin a statement that moves the nation.
Gift tomorrow's generation a new set
of words to remember.
Start an idea that inspires and
challenges the future.
Emerge with the boldness of black.
₹10 per U

RUPA
FRONTLINE
Yeh aaram ka mamla hai!
FRONTLINE
APNA FRONTLINE
DIKHNE DO
www.rupa.co.in | Toll-Free No.: 1800 1235 001 | www.rupaonlinestore.com

*With Best Compliments From:*

# ROAD CARGO MOVERS PVT. LTD.

Head Office : 3, Gibson Lane, 2nd Floor
Suite-211, Kolkata-700 069

Phone : 2210-3480, 2210-3485

Fax : 2231-9221

E-mail: roadcargo@vsnl.net

***Branches & Associates:***

**GUWAHATI, SILIGURI, DURGAPUR, HALDIA, KHARAGPUR,**

**BALASORE, BHUBNESWAR, CUTTUCK, ICCAPURAM, VISHAKAPATNAM,**

**VIJAYWADA, HYDERABAD, CHENNAI, BANGALORE, COCHIN, GAZIABAD (U.P. BORDER), INDORE**

# समाज विकास

◆मार्च २०१९ ◆वर्ष ७० ◆अंक ०३
◆एक प्रति - ₹१० ◆ वार्षिक - ₹१००


## अनुक्रमणिका


| शीर्षक | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| ● **चिट्ठी आई है** | ५ |
| ● **सम्पादकीय : शिव कुमार लोहिया** जीवन को रंगीन बनाये रंगोत्सव | ७-८ |
| ● **अध्यक्षीय : सन्तोष सराफ** होली की हार्दिक शुभकामनायें! | ९ |
| ● **रपट :** होली प्रीति मिलन एवं सम्मान समारोह | १२-१३ |
| ● **रपट :** अखिल भारतीय समिति की बैठक | १५-१६ |
| ● **रपट :** कर्नाटक सम्मेलन का पदभारग्रहण | १७ |
| ● **रपट :** तेलंगाना सम्मेलन का सम्मान समारोह | १८ |
| ● **रपट :** श्रद्धांजलि सभा | १९-२० |
| ● **रपट :** डॉ. वी. के. सिंह का राँची आगमन | २१ |
| ● होली में उपाधियों का मुक्तहस्त वितरण | २२-२३ |
| ● **आलेख :** जांबाज फाईटर पायलट – प्रतिभा पुनिया | २४ |
| ● **आलेख :** राजस्थानी भाषा – डॉ. नीरज दइया | २५-२६ |
| ● समाचार सार / विविध | ३१-३२ |
| ● सम्मेलन में नए सदस्यों का स्वागत | ३३-३६ |



**स्वत्वाधिकारी**

**अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन**
**All India Marwari Federation**

**प्रशासनिक एवं सम्पर्क कार्यालय** : **४बी, डकबैक हाउस, ४१, शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता - ७०००१७**
**फोन :** ०३३-४००४ ४०८९
पंजीकृत कार्यालय : १५२बी (द्वितीय तल), महात्मा गांधी रोड कोलकाता - ७००००७

◆ email: aimf1935@gmail.com
◆ Website : www.marwarisammelan.com

स्वत्वाधिकारी ऑल इण्डिया मारवाड़ी फेडरेशन के लिये **श्री भानीराम सुरेका** द्वारा ऑल इण्डिया मारवाड़ी फेडरेशन, ४बी, डकबैक हाउस (४ तल्ला), कोलकाता-१७ से प्रकाशित तथा सी.डी.सी. प्रिंटर्स प्रा. लि., ४५, राधानाथ चौधरी रोड, कोलकाता - ७०००१५ से मुद्रित।

◆ **प्रेरक संपादक : सीताराम शर्मा** ◆ **सम्पादक : शिव कुमार लोहिया**


प्रकाशित रचनाओं से सम्पादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है।


## चिट्ठी आई है


B-56, Sector-14,
P.O. Noida (U.P) - 201301
TF : +91 120 251 66 44
Fax : +91 120 435 22 42
E-mail : lahotirc@gmail.com

**R.C. LAHOTI**
Former Chief Justice of India


**13.03.2019**

Dear Shri Saraf,

The function of 10th March was performed well. Mrs. Lahoti and I are delighted to have participated and have returned with very happy memories of the event.

It has been an experience to learn the migrants of Rajasthan so well settled in Kolkata and staying connected so as to preserve the culture and traditions of the place of their birth. The activities of the Federation are praiseworthy. Under its umbrella the Rajasthanis are serving the society and contributed to the building of the Nation.

We are also thankful to yourself and the members of the Federation for taking personal care of us and making us very comfortable.

With Regards to Mrs. Saraf, yourself and all your associates.

Sincerely Yours

R.C. Lahoti

Shri Santosh Saraf,
President,
All India Marwari Federation
4B, Duckback House,
41, Shakespeare Sarani,
Kolkata - 700 017
Telephone: (033) 40044089

## Justice Lahoti's Address Inspiring

At the outset my festive greetings to all members of AIMF.

It was heart warming to listen to Hon. Justice Lahothiji on 10th March 2019. His address to the Marwari Federation and society was something never heard of. It will be very prudent to reproduce his speech by mail to all members and in the forthcoming Samaj Vikas issue.

I am confident that my suggestion will be of immense help to the members and society at large.

**– Sharat Jhunjhunwala**,
Kolkata

IISD Edu World
Be a Leader...

SREI Foundation

*"Educate Morally & Technically"* — Swami Vivekananda

Swami Vivekananda SREI Merit Scholarship upto 100% Quality Education at most affordable fees

## Hospitality

## Hospitality Management & Culinary Arts

Newly Introduced

BTED – HND in Hospitality Management

awarded by EDEXCEL, UK (A Pearson Global Education Undertaking)

## Language School

- Functional English
- Spanish
- Russian
- Chinese
- French
- Hindi
- SANSKRIT
- Spoken English
- Italian
- German
- Persian
- Bahasa (Indonesia)
- Bengali

## Assistance for placement

- Complementary Spoken English
- Online Application Facility
- Regular / Weekend Classes
- AC Classrooms
- P G Accommodation

### Centre for Administrative Services / WBCS

Course Director: Dr.Bikram Sarkar (IAS retd.)

- Indian Administrative Service (IAS) and Allied Services Examinations (Prelim and Main)
- WBCS (Executive) and Judicial Services Examinations (Prelim and Main)

## Health Care

Preparatory course for Joint Entrance of MD/MS, DNB and MRCP (Part-I) Medicine

"Family Medicine Certificate Course (First Aid)

## Business School

- AIMA recognized PGDM (2Yrs.)
- Tally ERP 9+GST
- Company Secretaryship
- Chartered Accountancy (CPT, IPCC & Final)
- Entrepreneurship Development
- Diploma in Banking and Finance

## Skills

- Web Technology
- Certificate course on Theology
- Soft Skills
- Vocational & Technical Training
- Montessori Teacher Training (1 Year Diploma)
- Certificate Course on Computer Applications
- School Guide
- Bachelor Guide

# IISD EDU World

IB-200/1, Sector-III, Salt Lake, Kolkata - 700 106
Ph : 2335 2378/2861, Fax : 2335 2379
E-Mail : info@iisdedu.in ● Website : www.iisdedu.in

18, Ballygunge Circular Road, Kolkata-700019
Website : www.iisdeduworld.com
Email : iisdedu@gmail.com
Ph : 46001626 / 27

# जीवन को रंगीन बनाये रंगोत्सव

सृष्टि राग और रंगो का खेल है। फागुन माह में यह खेल अपने चरम पर होता है। प्रकृति के मनोहारी व लुभावने रूप को निहार कर जीवों के भीतर राग हिलोरें लेने लगता है। इन हिलोरों का जब वाह्य रूप में प्रस्फुटन होता है तो ये उत्सव का रूप ले लेती हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि हमें अपने पूर्वजों का शुक्रगुजार होना चाहिए कि वैज्ञानिक दृष्टि से बेहद उचित समय पर होली के त्यौहार की शुरूआत की। फागुन मास में बौराये आमों की तुर्श गंध और फूलते पलाश के पेड़ों के साथ तन-मन बौरा जाता है। मौसम के बदलाव के कारण लोग आलसी रहते हैं। ठंडा मौसम जब गर्म रूख धारण करता है तो मानव शरीर का सुस्ती महसूस करना प्राकृतिक है। इस सुस्ती को दूर भगाने के लिये इस मौसम में जीव जोर से बोलते हैं। हम जोर से गाते भी हैं। ये सब हमारे शरीर को उर्जा प्रदान करते हैं। रंग और अबीर का भी शरीर पर अनूठा प्रभाव पड़ता है। यह प्रभाव सुकून देनेवाला होता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि गुलाल और अबीर पोरों में समा जाते हैं। ये शरीर के आयन मंडल को मजबूती प्रदान करते हैं। फलस्वरूप हमारा स्वास्थ्य बेहतर होता है एवं त्वचा की सुंदरता बढ़ती है। साथ ही शरद ऋतु की समाप्ति एवं बसंत ऋतु के आगमन के संधिकाल में बैक्टिरिया पर्यावरण में बढ़ जाता है। होलिका दहन से तापमान १४५ डिग्री फेरैनहाइट तक बढ़ने के फलस्वरूप ये बैक्टिरिया नष्ट हो जाते हैं।

प्रकृति के जैसे हमारे मनोभाव और भावनाओं के भी अनेक रंग होते है। प्रत्येक व्यक्ति रंगों का फुहार है। अग्नि की तरह हमारी भावनाएँ हमें भस्म कर सकती हैं एवं रंगो की फुहार की तरह हमारे जीवन को आनंद से भरने की क्षमता भी रखती हैं। हमारा जीवन रंगमय होना चाहिए। प्रत्येक भूमिका एवं भावनाओं को अवसर मिलना चाहिए। विविधता में सामंजस्य जीवन को आनंदमय एवं रंगमय बना देता है। इस जगत में रंग किसी भी चीज में नहीं है। पानी, हवा, अंतरिक्ष और पूरा जगत ही रंगहीन है। रंग केवल प्रकाश में होता हैं। **रंग वह नहीं जो दिखता है, बल्कि वह है जो वो त्यागता है। हम जो भी रंग बिखेरेंगे, वही रंग हमारा रंग हो जायगा। हम जो अपने पास रखेंगे वह हमारा रंग नहीं है। इसी तरह जीवन में जो कुछ भी हम देते हैं, वही हमारा गुण हो जाता है।** विशेषज्ञों का कहना है कि उद्विग्न, अशांत व्यक्ति भी रंग-बिरंगे फूलों के बीच बैठकर नया उल्लास पा सकता है। शारीरिक एवं मानसिक स्फूर्ति और उत्तेजना प्रदान करने में रंगो की प्रभावशाली भूमिका के संबंध में मेक्सिको विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने गहन अनुसंधान किया है। निष्कर्ष से पता चलता है कि रंग मात्र नेत्रों को ही सुरुचिपूर्ण नहीं लगते, वरन् उसका प्रभाव मानसिक स्थिति पर भी पड़ता है। रंगों के प्रभाव पर गंभीर अनुसंधान करने वाले सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक हावर्ड कीथ का कहना है कि "उपयुक्त रंग हमें ताजगी, स्फूर्ति प्रदान करते हैं। जबकि अनुपयुक्त रंगो के उद्विग्नता उत्पन्न होनी है और थकान होती है। आहार मे जो महत्व स्वाद का है वही दृष्टि क्षेत्र में रंगो का है।

पश्चिमी देशों मे आजकल कलर थेरेपी का अत्यधिक प्रचलन है। रंग थोड़ा विकृत हुआ तो व्यक्ति पागल हो जाता है। रंग की पूर्ति से व्यक्ति स्वस्थ हो जाता है। बोलचाल की भाषा में भी रंगों को हम जीवन से जोड़कर देखते हैं, जब हम कहते हैं कि जीवन रंगीन है या बदरंग। इस प्रकार होली के अवसर पर रंगो का समायोजन अत्यंत ही वैज्ञानिक है एवं मानव के लिये लाभप्रद है। हजारों वर्षों पहले से स्थापित यह पद्धति हमारे पूर्वजों की ज्ञान एवं विज्ञान में पैठ को दर्शाता है एवं उनके प्रति नतमस्तक हुए बिना नहीं रहा जा सकता। भविष्येतर पुराण मे उल्लेख है कि होली रंग उत्सव के रूप में मनाया जाता था। अबीर, गुलाल और चंदन एक-दूसरे को लगाने की परिपाटी का उल्लेख है। कुदरती रंग टेसू, केसर, मजीठ आदि से होली खेली जाती थी। फूलों की होली का भी कहीं-कहीं उल्लेख मिलता है।

होली रूप, रस, गंध का त्यौहार भी है। होली उत्साह उमंग और प्रेम-पगी छेड़-छाड़ लेकर आता है। वस्तुतः होली के कई रूप-रंग है। कहा गया है – प्रेम के विविध रंग की होली / अद्वैत ढोल-बाजे की होली / जन्म-मृत्यु के पार होली / परब्रह्म ने रचाई होली / अपने संग खेली होली / यह है अंतरात्मा की होली। रंगो का यह त्यौहार एकता के इन्द्रधनुष में भारतीय संस्कृति के रंगो का समुच्चय है।

होली का त्यौहार भारतीय मनीषा का विश्व को अद्‌भुत देन है। होली एक ऐसा त्यौहार है जिसकी सांस्कृतिक विरासत अत्यंत समृद्ध है। नारद पुराण व भविष्य पुराण जैसे पुराणों की प्राचीन हस्तलिपियों में और ग्रंथों में भी इस पर्व का उल्लेख मिलता है। विंध्य क्षेत्र के रामगढ़ स्थान पर स्थित ईसा से तीन सौ वर्ष पुराने एक अभिलेख मे भी इसका उल्लेख मिलता है। सुप्रसिद्ध मुस्लिम पर्यटक अलवरुनी, जो एक प्रसिद्ध फारसी, विद्वान, धर्मज्ञ व विचारवान थे, ने भी अपनी एक ऐतिहासिक यात्रा संस्मरण में बसंत मनाए जाने वाले होलिकोत्सव का वर्णन किया है। श्रीमद्‌भागवत पुराण में रसों के समूह रास का वर्णन है। भगवान कृष्ण की लीलाओं मे भी होली का वर्णन मिलता है। कालिदास

रचित ऋतुसंहार में पूरा सर्ग ही बसन्तोत्सव को अर्पित है।

होली को भारतीय पर्वों में आनंदोत्सव का सर्वोपरि पर्व कहे तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। इसे सतरंगी त्यौहार कहते हैं। एक ओर पौराणिक महत्ता, दूसरी ओर साहित्य, संगीत, चित्रकला, सामाजिक समरसता इत्यादि से संबंधित इसकी परम्परायें भी कम महत्वपूर्ण नहीं। मनुष्य इस पृथ्वी, वायु और सागर का हिस्सा है। वायु की दिव्यता को देखा नहीं जा सकता लेकिन इसे महसूस कर सकते हैं। इसी प्रकार की दिव्यता का भान करवाने आता है होली का त्यौहार। साल भर अंकुश में बँधा मन उस एक दिन निरंकुश होने के लिये तैयार रहता है। चाहे वह कबीरा गाये, होली की छेड़-छाड़ हो या भंग-ठंडाई की तरंग हो। होली सबसे खास है क्योंकि इसमे समाज का हर वर्ग रंग में सरावोर होकर उत्साह से भरा दिखता है। इस त्यौहार मे कोई भेद-भाव नहीं होता। होली एकमात्र ऐसा त्यौहार है जो सामुदायिक बहुलता की समरसता से जुड़ा है। इस पर्व में मेल-मिलाप का जो आत्मीय भाव अंतर्मन से उमड़ता है वह सांप्रदायिक अतिवाद और जातीय जड़ता को भी ध्वस्त करता है।

होली को एक रसीला त्यौहार भी माना जाता है। मानव के आपसी संबंध प्रकृति की तरह परवान चढ़ते हैं। उन्मुक्त मन अतिशयोक्तियों मे विचरण करने लगता है। जैसे - सास साली लगने लगती, होली में जेठ कहे भाभी, सूझ ही नहीं पड़ता बिन्नो कि मेरो घरवारो है कि तेरो घरवारो है। इस अवसर पर बिना रंगे ही अनुभूतियाँ मन में करवटें बदलने लगती हैं, भावनाओं को रंगीन बना देती हैं। मौसम में खुमारी छा जाती है। हवाओं में मस्ती तैरती है। फागुन की फगुनाहट से रोम-रोम सिंचित हो जाता है। सबेरा होते ही ढोल-नगाड़े, हुरिहारों की टोलियाँ, झाँझ-मंजीरा, पीतल के छोटी-बड़ी पिचकारियाँ इस पर्व की विशेष पहचान हैं।

मनुष्य के जीवन के सभी पहलुओ को होली अपने रंग से रंग देती है। शास्त्रीय संगीत में धमार का होली से गहरा संबंध है। ध्रुपद, छोटे एवं बड़े ख्याल और ठुमरी मे भी होली के गीतो का सौंदर्य देखते बनता है। बसंत बहार, हिंडोल और कई अन्य ऐसे राग है, जिनमें होली के गीत गाये जाते हैं। उपशास्त्रीय संगीत में चैती, दादरा और ठुमरी में अनेक प्रसिद्ध होलियाँ है। होली के अवसर पर संगीत की लोकप्रियता का अन्दाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि संगीत की एक विशेष शैली का नाम ही होली है। होली पर गाने-बजाने से अपने आप एक वातावरण बन जाता है एवं जन-जन इसके रंग में आकंठ डूब जाता है।

होली का एक अत्यंत ही विशिष्ट रूप है भव्यता एवं दिव्यता। सभी विचार एवं भावनाएँ आत्मा से उत्पन्न होती हैं, जो शरीर के भीतर और बाहर आकाशतत्व के जैसी हैं। विचार एवं भावनाएँ आती हैं और चली जाती हैं, लेकिन जब आप भीतर जाकर स्वयं ही गहन अनुभूति करते हैं तो जीवन में दिव्यता का उदय होता है। ब्रजधाम में राधा और कृष्ण की होली एवं अवध में होली खेले रघुवीरा का विस्तृत वर्णन मिलता है। ब्रज के फाग का वर्णन सूरदास ने कितने सरस ढंग से किया है।

घरि-घरि आनन्द करि, जीवन जानि असार
खाई खेलि हंसि लीजिये, फाग बड़ो त्यौहार

ब्रज की होली में 'होरी रे रसिया, बरजोरी रे रसिया, उड़त गुलाल लाल भये बादर' का उल्लेख मिलता है। मंदिरों में पुजारी दर्शनार्थियों पर गुलाल फेकते हैं और भक्तगण इसे ठाकुरजी का प्रसाद समझकर ग्रहण करते हैं। होली के रंगो के साथ-साथ प्रेम के रंग में रंग जाने की चाह ईश्वर को भी है, भक्त को भी है, प्रेमी-प्रेमिका को भी है।

इसी प्रकार मीरा, रहीम, रसखान, पद्माकर, जायसी, कबीर, विहारी, केशव, धनानंद आदि कवियों के लिये होली अति प्रिय विषय रहा है। सूरदास ने तो बसन्त एवं होली पर ७८ पद लिखे हैं।

भारतीय मंजुषा के इस अनुपम त्यौहार का असली रंग बदरंग हो चला है। इस त्यौहार से जुड़ी उत्सवधर्मिता को जंग लग गया है। आज जब व्यक्तित्वता और निजता की खोज में उन्मुक्तता उच्छृंखलता की हद तक पँहुच गयी है, भाषाएँ, आचार-विचार, व्यवहार सीमाएँ एवं बंधन टूट रहे है, लिहाज की बात दकियानूसी एवं संस्कृति की पोगापंथी मानी जा रही है, ऐसे में होली अपना अस्तित्व खो रही है। दो चुटकी गुलाल लगाकर ही लोग इस त्यौहार की इतिश्री कर लेते हैं। होली मिलन के नाम पर अपनी-अपनी ढपली बजा लेते हैं। परिवार एवं समाज में पहले जैसी सहृदयता का नितांत अभाव हो गया है। वे परिवार एकांकी होते जा रहे है, जहाँ सबसे बड़ी एवं एकमात्र होड़ अब पैसे की होड़ है। इतने प्राचीन एवं इतने अद्वितीय एवं विशिष्ट उत्सव की अनदेखी इस बात का परिचायक है कि मनुष्य होने का सर्वोत्कृष्ट गुण, जो कि भावनाओं के स्तर पर जीया जाता है, का लोप हो रहा है। इस संस्कृति की अनदेखी करने वाले जो समूह स्वयं को प्रगतिशील है एवं उन्नत समझते हैं, उनकी सोच के आगे हतप्रभ हुए बिना नहीं रहा जा सकता। होली विविध रंगो का, असीमित संभावनाओं वाला उत्सव है। इस त्यौहार से अछूता रहना हमार जीवन के ठूंठ होने का परिचायक ही है। आज के इस परिवेश पर गिरीश जोशी की पंक्तियाँ बिल्कुल सटीक बैठती हैं –

हर कोई इंसान यहाँ पर डरा-डरा सा लगता है
चेहरे हैं बेरंग सभी के सूरत से भी मरा-मरा लगता है
जीवन नीरस बना हुआ है कड़वी सबकी बोली है
सारे रंग हुए फीके फीकी सबकी होली है।

इससे इंकार नहीं किया जा सकता कि होली को विकृत कर दिया गया है। आवश्यकता है कि होली को हम उसका पुराना गौरव लौटा दें। होली से हम स्वयं को अलग करेंगे तो क्षति हमारी है, होली की नहीं।

शिव कुमार लोहिया

अध्यक्षीय

# होली की हार्दिक शुभकामनायें!

– सन्तोष सराफ

इस माह हम होली का पावन त्यौहार मनायेंगे। होली बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। अपने गिले-शिक्वे मिटाकर एक-दूसरे से गले मिलने का पर्व है। होली के शुभ अवसर पर मैं सम्मेलन के सदस्यों एवं सभी देशवासियों को होली की शुभकामना प्रेषित करता हूँ। आशा करता हूँ कि होली के रंगों की तरह उनका जीवन सुख, शांति, प्रगति, सौहार्द के रंगों से रंगा हुआ रहे।

पिछले माह मैंने सम्मेलन की निरतंर प्रगति पर प्रकाश डाला था। यह प्रगति अबाध रूप से गतिशील है, जो कि सभी के लिये शुभ संकेत है। पूर्वनिर्धारित कार्यक्रम के तहत २ मार्च २०१९ को बेंगलुरु में कर्नाटक प्रदेश मारवाड़ी सम्मेलन के पदाधिकारियों ने पदभारग्रहण किया। इस समारोह में मेरे साथ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री गोपाल अग्रवाल, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्रीद्वय श्री दामोदर प्रसाद विदावतका, श्री संजय हरलालका, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री कैलाशपति तोदी भी समारोह में विशेष रूप से उपस्थित थे। भव्य समारोह के बीच डॉ. सुभाष अग्रवाल ने प्रदेश अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। डॉ. सुभाष अग्रवाल ने अनेक संस्थाओं में विभिन्न गरिमामय पदों को सुशोभित करते हुए महत्वपूर्ण सामाजिक गतिविधियों एवं कार्यक्रमों में अपना उल्लेखनीय अवदान किया है। शहर के वे प्रभावशाली व्यक्तित्व हैं। मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि कर्नाटक प्रांत में समाजबंधुओ को एक सूत्र में पिरोने में एवं उनको परस्पर सहयोग की ओर प्रेरित करने में सफलता प्राप्त करेंगे। पुनः एक बार मैं उन्हें एवं अन्य सभी पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएँ देता हूँ एवं उनकी सफलता की कामना करता हूँ। समाजसेवी श्री रमाकान्त सर्राफ ने प्रदेश महामंत्री का पदभार ग्रहण किया।

दिनांक ३ मार्च को तेलंगाना प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में अखिल भारतीय समिति की बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई। यह हर्ष का विषय है कि राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ ७ प्रादेशिक अध्यक्षों ने भी बैठक में भाग लिया। फलस्वरूप बैठक में विभिन्न विषयों पर सार्थक एवं खुलकर चर्चा हुई।

जून २०१८ में आयोजित वाराणसी अधिवेशन में लिये गये निर्णय के अनुसार संविधान के विभिन्न मुद्दों पर पुनर्दृष्टि डालने के लिये एक समिति गठित की गई थी। इस समिति की बैठक कोलकाता में आयोजित हुई थी। समिति के सुझावों पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने अपनी बैठक में विचार-विमर्श किया था और अंतिम निर्णय के लिये अपने निर्णयों को अखिल भारतीय समिति को प्रेषित किया था। अखिल भारतीय समिति में इन प्रस्तावों को गहन चर्चा के उपरांत आवश्यक संशोधन के साथ पारित किया गया। सम्मेलन के परिपाटी के अनुसार संविधान संशोधन जैसे महत्वपूर्ण मसले को पूर्ण गणतांत्रिक तरीके से निपट ा लिया गया। इसके लिये सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों एवं प्रांतीय अध्यक्षों का सहयोग प्राप्त हुआ, जिसके लिये मैं उन सभी का आभारी हूँ। समिति की बैठक में अन्य विषयों पर भी चर्चा हुई, जो कि सम्मेलन के भविष्य की दशा एवं दिशा निर्धारित करेंगे।

अखिल भारतीय समिति की बैठक के उपरांत तेलंगाना प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वावधान में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सभी दृष्टि से सफल रहा। हैदरावाद के सुप्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी श्री पित्ती इस समारोह के मुख्य अतिथि थे। पूरे आतिथ्य के लिये मैं तेलंगाना प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री रमेश कुमार बंग, सभी पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ताओं का हृदय से धन्यवाद ज्ञापन करता हूँ। आशा करता हूँ इसी तरह से प्रादेशिक इकाई निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढते जायेगी।

इस वर्ष का होली मिलन समारोह दिः १० मार्च को आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से महत्वपूर्ण रहा। कारण इस कार्यक्रम में मारवाड़ी सम्मेलन राजस्थानी व्यक्तित्व पुरस्कार २०१५ के लिये मनोनीत भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री रमेश चन्द्र लाहोटी को सम्मानित किया गया। उनका सम्मान करके सम्मेलन स्वयं को गौरवान्वित महसूस करता है। समाज के विभिन्न मुद्दों पर उनके विचार अत्यन्त ही सारगर्भित एवं महत्वपूर्ण हैं। विशेषकर युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने की आवश्यकता की बात कही। उन्होंने कहा कि इसके लिये पहल हमें करनी होगी। उनकी उपस्थिति ने समारोह को विशेष गौरव प्रदान किया। उन्होंने करीबन १ घंटे तक के समाज के विभिन्न आयामों पर बोलते हुए सभा में श्रोताओ का ध्यान अपनी और आकर्षित किये रखा। तत्पश्चात एक विशेष कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है, जिसमें भाग लेने विशेष रूप से पद्मश्री डॉ. सुनील जोगी पधारे थे।

होली मिलन का कार्यक्रम सभी प्रांतो में उल्लास एवं परम्परा के साथ आयोजित होता है। मैं उन सभी कार्यक्रमों की सफलता की कामना करता हूँ।

Comprehensive and Exclusive

# Business Economics

... Truly reflecting global aspirations!

# Subscribe

100% Bargain




**Subscribe Business Economics :**

Subscribers may send choice of books valued equal to subscription

| Tick | Term | No. of Issues | Price you pay | Gift Value | Saving | US $ | UK £ | Gift Option |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ☐ | 3 Years | 72 | 1440/- | 1440/- | 1440/- | 216 | 144 | ☐ 8GB Pen Drive OR ☐ Bag OR ☐ Tie/Stoll OR ☐ Books |
| ☐ | 1 Year | 24 | 480/- | 480/- | 480/- | 72 | 48 | ☐ 4GB Pen Drive OR ☐ Desktop Clock OR ☐ T-Shirt OR ☐ Books |
| ☐ | 1 Year | 24 + Anniversary Issue (Worth ₹ 150) | 240/- | 150/- | 390/- | - | - | ☐ Exclusively for Students/Institutions |
| ☐ | 1 Year | 24 + Anniversary Issue (Worth ₹ 150) | 240/- | 150/- | 390/- | - | - | ☐ EXCLUSIVELY FOR SENIOR CITIZENS |

**For 1 year Book of choice upto ₹ 480** | **For 3 years Books of choice upto ₹ 1440**

## Business Economics — Subscription Form

Name : Mr./Ms. _____

Address : _____

_____ City/District : _____

State : _____ Country : _____ Pin Code : ☐☐☐☐☐☐

E-mail : _____ Mobile : _____ Landline : _____ (STD CODE)

REMITTANCE DETAILS :

Enclosed Cheque / DD No. _____ dated: _____ for Rs. _____ drawn on: _____

In favour of **CONTEMPORARY NEWS PRIVATE LIMITED**

Signature: _____ date: _____

**Mail this subscription form along with your Cheque / DD to :** Pramod Kr. Singh, General Manager, **Business Economics**, 3, Middle Road, Hastings, Kolkata - 700 022, India
Ph : 033 - 2223 0335/0368, Mobile : 93395 19642, E-mail : subscriptions@businesseconomics.in

**For Subscription enquiries contact : Kolkata :** Shaonli Majumder : 033 2223-0368 • **Mumbai :** Rajendra Singh : 90290 84951
**New Delhi :** Lala P. Yadav : 98102 10095 • **Kohima :** Povotso Lohe : 94360 05889

**Lucky DRAW**

**QUARTERLY LUCKY DRAW FOR THE SUBSCRIBERS :**
**1st Prize : INR 2000/- ● 2nd Prize : INR 1000/- ● 3rd Prize : INR 500/-**

Rungta Mines Limited
Chaibasa
RUNGTA STEEL
SOLID STEEL
Superior Technology
Greater Strength
Extreme Flexibility
500D
TMT REBARS
STEEL DIVISION
RUNGTA CHAMBERS
S.M.H.M.V. COMPLEX, CHAIBASA -833201
WEST SINGHBHUM, JHARKHAND, INDIA
Contact :
+91-6582-255261/ 361
+91-7008-012240
tmtmkt@rungtamines.com
csp@rungtamines.com
Approved by IS 1786:2008
Lic.No.-CM/L 5800021706
Approved by IS 2830:2012
Lic.No.-CM/L 5800007712

# कमाकर खाना, परिश्रम से धन अर्जन करना मारवाड़ी का मूलभूत सिद्धान्त – न्यायमूर्ति रमेशचन्द्र लाहोटी

## सम्मेलन ने न्यायमूर्ति को सम्मेलन के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा

*दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ करते न्यायमूर्ति श्री रमेश चंद्र लाहोटी।*

**"कमाकर खाना और परिश्रम के बलबूते लक्ष्मी का अर्जन करना मारवाड़ी समुदाय का मूलभूत सिद्धान्त है और इसकी पहली घूँट माँ शैशव अवस्था में ही बच्चे को पिला देती है। सम्पूर्ण विश्व में हमारा देश इसीलिए अद्‌भुत है क्योंकि यहाँ साल का प्रत्येक दिवस मातृ और नारी दिवस है।"** उक्त कथन है सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश **न्यायमूर्ति श्री रमेशचन्द्र लाहोटी का**। वे अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा कला मंदिर सभागार, कोलकाता में आयोजित होली प्रीति मिलन सह सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी एक ऐसी जाति है जो ठोकर खाकर संभलना जानती है। **मारवाड़ी मार्ग में आये हुए पत्थरों से टकराकर लड़खड़ाता नहीं है बल्कि उन पत्थरों को सीढ़ी बनाकर आगे बढ़ता है।** उन्होंने युवा पीढ़ी के साथ बढ़ती खाई का जिक्र करते हुए कहा कि हमें उनके साथ निरन्तर परिचर्चा में रहना चाहिए, क्योंकि उनके पास समय का अभाव है। इससे जेनरेशन गेप खत्म होगा। श्री लाहोटी ने बच्चों को विरासत में धन के साथ-साथ संस्कार देने पर भी बल दिया। करीब ५० मिनट तक दिये गये न्यायमूर्ति के वक्तव्य के दौरान कलामंदिर का खचाखच भरा हाल उन्हें ध्यानपूर्वक सुनता रहा।

समारोह के दौरान न्यायमूर्ति श्री लाहोटी को सम्मेलन का सर्वोच्च सम्मान 'मारवाड़ी सम्मेलन राजस्थानी व्यक्तित्व सम्मान' भी प्रदान किया गया। सम्मान के तहत पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री नन्दलाल रुंगटा** ने माला एवं श्रीफल, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **डॉ. हरिप्रसाद कानोड़िया** ने शॉल एवं पगड़ी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रामअवतार पोद्दार ने एक लाख की सम्मान राशि का चेक तथा निर्वतमान राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री प्रह्लाद राय अगरवाला** ने मानपत्र प्रदान किया। सम्मान के पश्चात सम्मान राशि के चेक को न्यायमूर्ति ने जनकल्याणकारी कार्यों में लगाने हेतु सम्मेलन को पुनः समर्पित कर दिया। इसके पूर्व श्री लाहोटी का संक्षिप्त परिचय अधिवक्ता **श्री नन्दलाल सिंघानिया** ने दिया। न्यायमूर्ति की धर्मपत्नी **श्रीमती कौशल्या देवी लाहोटी** का सम्मान **श्रीमती प्रभा देवी सराफ** ने किया।

न्यायमूर्ति श्री लाहोटी के हाथों दीप प्रज्ज्वलन के साथ समारोह का शुभारम्भ हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री संतोष सराफ** ने स्वागत वक्तव्य देते हुए कहा कि हमें अपने

मांगलिक अवसरों पर अपव्य को रोकना चाहिए। इसके लिए हमें निमंत्रण पत्र में ई-कार्ड को बढ़ावा देना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने पुलवामा में शहीद हुए हमारे वीर जवानों का जिक्र करते हुए कहा कि सम्मेलन ने पाकिस्तान के साथ किसी भी तरह का व्यापार न करने का प्रस्ताव पारित किया है, हम सबको इसका पालन करना चाहिए।

मुख्य वक्ता सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री सीताराम शर्मा** ने कहा कि हमारे समाज के लिए यह गर्व की बात है कि श्री लाहोटी जी समाज के पहले ऐसे व्यक्ति हैं, जो सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बने। इससे हमारे समाज का नाम रोशन हुआ है। आज सम्मेलन द्वारा किया जा रहा उनका सम्मान समाज का सम्मान है।

कवियों एवं अतिथियों का स्वागत/सम्मान वित्तीय उपसमिति के चेयरमैन **श्री आत्माराम सोन्थलिया**, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री **श्री दामोदर बिदावतका**, राष्ट्रीय संगठन मंत्री **श्री गोपाल अग्रवाल** आदि ने किया।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र का कुशल संचालन राष्ट्रीय महामंत्री **श्री श्रीगोपाल झुनझुनवाला** ने किया। धन्यवाद ज्ञापन दिया राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष **श्री कैलाशपति तोदी** ने।

दूसरे सत्र का संचालन करते हुए राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री **श्री संजय हरलालका** ने कवियों का परिचय उनकी ही रचनाओं के माध्यम से दिया। राजस्थान के भीलवाड़ा से पधारे कवि **श्री कैलाश मंडेला** ने हाल में पाकिस्तान पर की गई सर्जिकल स्ट्राईक के मद्दे नजर कुछ इस अंदाज में अपनी पैरोडी सुनाई – **तेरे ठस के जवर, तु है मेरे बब्बर, राग भारत की गाई, मजा आ गया। आँख उसको दिखाई मेरे शेर ने, पूँछ उसने दबाई मजा आ गया।**

लखनऊ से पधारी गीतकार **डॉ. सुमन दुबे** ने अपने गीतों से समूचे वातावरण को एक नया रंग दिया। उनके गीत का अंदाज इस तरह था – **थोड़ी तकरार, थोड़ा प्यार लेकर आई हूँ, अंखियों में सपने हजार लेके आई हूँ।**

लखनऊ से ही आये वीर रस के कवि **श्री प्रख्यात मिश्रा** ने सैनिकों की शहादत को यह कहकर सलाम किया कि हमारे सैनिक देश के बारे में कुछ ऐसा सोचते हैं – **बोटी-बोटी कट जाऊँ या इंच-इंच बंट जाऊँ, या तो तिरंगे में लिपट घर आऊँगा या फिर तिरंगा सीमा पार लहराऊँगा।**

कवि सम्मेलन का निराले अंदाज में संचालन करते हुए पद्मश्री से सम्मानित दिल्ली के मशहूर कवि **श्री सुनील जोगी** ने पाकिस्तान को इस तरह ललकारा – **पुलवामा पर हमला करके, पीठ में खंजर घोंप दिया, हम भी ठहरे हिन्दुस्तानी, घर में घुसकर ठोक दिया। अब हर आतंकी की गर्दन पर हमारी सेना का पंजा हो, जो भी घाटी में रहते हैं, सबके हाथ तिरंगा हो।**

कार्यक्रम में सर्वश्री डॉ. जुगल किशोर सराफ, हरि प्रसाद बुधिया, आनन्द अग्रवाल, सज्जन भजनका, रतन शाह, भानीराम सुरेका, शिवकुमार लोहिया, चम्पालाल सरावगी, दिनेश जैन, सम्पतमल बच्छावत, मुरारीलाल खेतान सहित भारी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

*समारोह के दौरान राष्ट्रगान*

ISO 9001 Certified
ORR TECHNOLOGY
SKIPPER
PIPES
"FIXED FOR LIFE"
COMPLETE RANGE OF PIPES & FITTINGS
CPVC | UPVC | SWR | UGD | HDPE | BOREWELL | AGRICULTURE
www.skipperlimited.com | Toll Free : 1800 120 6842

# पाकिस्तान के साथ बंद हो व्यापार : सन्तोष सराफ

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की सर्वोच्च नीतिनिर्धारक अखिल भारतीय समिति की बैठक मनियार फार्म्स, शम्साबाद, हैदराबाद के रघुनाथमल गोयल सभागृह में ०३ मार्च २०१९ को, तेलंगाना प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में, सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री संतोष सराफ** के सभापतित्व में आयोजित की गई।

श्री संतोष सराफ ने अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में सम्मेलन की वर्तमान गतिविधियों, कार्यक्रमों एवं भावी दृष्टि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन को मजबूत करना समय की माँग है। उन्होंने कहा कि समयांतर में परिस्थितियाँ बदली हैं और आज हमारे समक्ष नयी समस्याएँ हैं। समाज सुधार के मुद्दों के साथ-साथ, समाजबन्धुओं की सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, रोजगार, संसाधनहीन तबकों की जटिल रोगों में चिकित्सा व्यवस्था आदि सम्मेलन के लिए चिन्तनीय विषय हैं जिनमें से अधिकतर पर हम काम कर रहे हैं।

*दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक का शुभारम्भ करते श्री संतोष सराफ; चित्र में (बायें से) सर्वश्री रामपाल अट्टल, पवन गोयनका, रमेश कुमार बंग, संतोष सराफ, गोवर्धन गाड़ोदिया, श्रीगोपाल झुनझुनवाला एवं विवेक गुप्त।*

राष्ट्र की वर्तमान परिस्थितियों पर चर्चा करते हुए श्री सराफ ने पड़ोसी देश पाकिस्तान द्वारा आतंकवादी गतिविधियों को समर्थन देने को कायरतापूर्ण बताया और सीमा पर बढ़ते तनाव पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में पूरे देश का एकजुट होना अनिवार्य है। **श्री सराफ ने प्रस्ताव रखा कि आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्तता के आलोक में, पाकिस्तान के साथ हर प्रकार का व्यापार बंद कर दिया जाए। सभी उपस्थितों ने इसका सहर्ष समर्थन किया और यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ।**

*हार एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ का सम्मान करते तेलंगाना सम्मेलन के अध्यक्ष श्री रमेश कुमार बंग।*

बैठक में सबसे पहले तेलंगाना प्रदेशिक मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा सभी उपस्थितों का भावभीना स्वागत एवं सम्मान किया गया। सम्मान समारोह का कुशल संचालन तेलंगाना सम्मेलन के महामंत्री **श्री रामपाल अट्टल** ने किया।

अपने स्वागत वक्तव्य में तेलंगाना प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री रमेश कुमार बंग** ने अखिल भारतीय समिति के बैठक के आतिथ्य के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज के सभी तबकों एवं वर्गों यथा महिलाओं तथा युवक-युवतियों को भी सम्मेलन के साथ जोड़ने का प्रयास रहना चाहिए। सबको साथ लेकर प्रयोजन के साथ आगे बढ़ने पर हमें सफलता अवश्य मिलेगी।

बैठक में अखिल भारतीय समिति की पिछली बैठक का कार्यवृत सर्वसम्मति से पारित हुआ। पिछली बैठक के बाद के सम्मेलन की गतिविधियों पर राष्ट्रीय महामंत्री **श्री श्रीगोपाल झुनझुनवाला** ने महामंत्री की रपट प्रस्तुत की।

उत्कल सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री अशोक जालान**, झारखंड सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री निर्मल कुमार काबरा**, महाराष्ट्र सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री रमेशचन्द्र गोपीकिशन बंग**, दिल्ली सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री राजकुमार मिश्रा**, कर्नाटक सम्मेलन के अध्यक्ष **डॉ. सुभाष अग्रवाल** एवं उत्तराखंड सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री रंजीत कुमार जालान** ने अपनी-अपनी प्रादेशिक शाखाओं की गतिविधियों के विषय में संक्षेप में बताया।

*बैठक में (बायें से) कर्नाटक सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. सुभाष अग्रवाल, झारखंड सम्मेलन के अध्यक्ष श्री निर्मल काबरा, महाराष्ट्र सम्मेलन के अध्यक्ष श्री रमेशचंद गोपीकिशन बंग, उत्तराखंड सम्मेलन के अध्यक्ष श्री रंजीत कुमार जालान, उत्कल सम्मेलन के अध्यक्ष श्री अशोक जालान एवं दिल्ली सम्मेलन के अध्यक्ष श्री राजकुमार मिश्रा।*

कार्य सूची के अनुसार राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की संविधान-संशोधन सम्बंधी अनुशंसाओं पर विचार-विमर्श हुआ। उपस्थित सभी प्रादेशिक पदाधिकारियों की क्रमवार राय भी ली गई। विस्तृत विचार-विमर्श के बाद, कार्यकारिणी समिति की सभी अनुशंसाओं को अखिल भारतीय समिति ने पारित किया (ये सारी अनुशंसाएँ समाज विकास के जनवरी २०१९ अंक में प्रकाशित की गई हैं) किन्तु आजीवन सदस्यता का शुल्क रू. २,५००/- से रू. ५,०००/- करने के विषय में निर्णय लिया कि यह तत्काल प्रभाव से लागू न होकर १ जुलाई २०१९ से लागू होगा।

धन्यवाद-ज्ञापन करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं तेलंगाना के प्रभारी **श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया** ने तेलंगाना में बैठक हेतु केन्द्रीय नेतृत्व का एवं बैठक के कुशल प्रबन्धन हेतु तेलंगाना सम्मेलन का आभार व्यक्त किया। बैठक में सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री विवेक गुप्त एवं श्री पवन कुमार गोयनका, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री संजय हरलालका एवं राष्ट्रीय श्री दामोदर बिदावतका, राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री गोपाल अग्रवाल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री कैलाशपति तोदी, सदस्यता-विस्तार उपसमिति के संयोजक श्री बसंत मित्तल, महाराष्ट्र सम्मेलन के महामंत्री श्री वीरेन्द्र धोका, सर्वश्री चांदमल अग्रवाल, श्री गोविन्द अग्रवाल, धरमचंद मोदी, गौरीशंकर अग्रवाल, बालकृष्ण माहेश्वरी, श्रवण कुमार काबरा, अजीत कुमार वर्मा, ओमप्रकाश जाखोटिया, बृजगोपाल असावा, बाबूलाल अग्रवाल, सुरेन्द्र कुमार अग्रवाला, राकेश कुमार चोखानी, जगदीश प्रसाद वर्मा, मदन गोपाल व्यास आदि उपस्थित थे।

# फागण

फागण आयो, फागण आयो
गूंजै धूम धमाल रे
तन में मस्ती, मन में मस्ती
गळियां उडै गुलाल रे।

छैला अलबेला मदगैला
रंग-रेलां री लार है
हेलां पर हेला देवै
अधगैला देवै बारंबार है।
आ रे आज्या संग रा साथी
होज्या लालम लाल रे
तन में मस्ती, मन में मस्ती
गळियां उडै गुलाल रे।गोरी

गोरी करै ठिठोली
होवै जोरा-जोरी रे
हर कोई भोळो कान्हो लागै
हर कोई राधा गोरी रे।
रंग उड़ातां, चंग बजातां
मिटसी मनां मलाल रे
तन में मस्ती, मन में मस्ती
गळियां उडै गुलाल रे।

# दक्षिण भारत में सम्मेलन का विस्तार उत्साहवर्धक : संतोष सराफ

*पदभारग्रहण समारोह में (बायें से) सर्वश्री बसंत मित्तल, कैलाशपति तोदी, गोवर्धन गाड़ोदिया, संतोष सराफ, डॉ. सुभाष अग्रवाल, संजय हरलालका, गोपाल अग्रवाल, दामोदर बिदावतका एवं रमाकान्त सराफ।*

देश के १६ राज्यों में अपनी शाखाओं के माध्यम से कार्यरत अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन अब दक्षिण भारत में संगठन को मजबूती प्रदान करने की दिशा में कार्य रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सराफ ने सदस्यता उपसमिति के संयोजक श्री बसंत मित्तल को इस महती कार्य का जिम्मा सौंपा है। इस कार्य में राष्ट्रीय उपाध्यक्षगण श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, श्री अनिल जाजोदिया एवं श्री पवन गोयनका की सलाह एवं सहयोग के आधार पर वे आगे बढ़ रहे हैं।

इसी कड़ी में कर्नाटक में प्रान्तीय शाखा का मजबूती के साथ न सिर्फ पुर्नगठन हुआ है बल्कि बेंगलुरु जैसी महत्वपूर्ण शाखा भी खुली है। कर्नाटक प्रान्त के नये अध्यक्ष रूप में **श्री सुभाष अग्रवाल** तथा बेंगलुरु शाखा के अध्यक्ष के रूप में **श्री अरुण खेमका** को बेंगलुरू के होटल गोल्डफिन्च में, गत ०२ मार्च २०१९ को, राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री संतोष सराफ** ने समाज जनों की उपस्थिति में पदभार सौंपा। कर्नाटक प्रान्त के नये अध्यक्ष श्री अग्रवाल ने श्री रमाकान्त सराफ को प्रान्तीय महामंत्री तथा बेंगलुरू शाखा के अध्यक्ष श्री खेमका ने श्री शिवकुमार टेकरीवाल को शाखा मंत्री के तौर पर मनोनीत किया।

प्रान्तीय अध्यक्ष श्री अग्रवाल ने अपने संक्षिप्त सम्बोधन में कहा कि सम्मेलन के समरसता के उद्देश्य को कारगर सिद्ध करने हेतु **हमारा मुख्य कार्य मारवाड़ी समाज के लोगों को नये नजरिये से कर्नाटक की जनता के समक्ष लाना होगा।**

एक दिवसीय अधिवेशन सह शपथग्रहण समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ ने कहा कि कर्नाटक का मारवाड़ी समाज काफी प्रबुद्ध है एवं एक-एक सदस्य की कार्यक्षमता सौ-सौ के बराबर है। सम्मेलन समाजहित में हर प्रकार से सक्रिय हो इस दिशा में हर सम्भव प्रयत्न करना है। इसके साथ ही राजनीति में सक्रियता बढ़ाने की अपील भी उन्होंने की।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया** ने कहा कि कर्नाटक में जितने भी मारवाड़ी हैं, उनकी संख्या चाहे जितनी हो, किन्तु उनकी कार्य क्षमता अपरिमित है।

राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री **श्री संजय हरलालका** ने सम्मेलन के ८४ वर्षों के इतिहास पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे सम्मेलन ने समाज के लोगों के अधिकारों की रक्षा की है। इस मौके पर राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री दामोदर प्रसाद बिदावतका, राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री गोपाल अग्रवाल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री कैलाशपति तोदी आदि भी उपस्थित थे।

इसके पहले प्रिन्स जैन के मंगलाचरण से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। **श्री अरूण खेमका** ने अपने स्वागत वक्तव्य में सभी अतिथियों एवं उपस्थित समाज जनों का स्वागत किया। सर्वश्री ओ.पी. पोद्दार, सुनील शाह आदि ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। कार्यक्रम में ही १५ लोगों ने विशिष्ट संरक्षक तथा अनेकों ने आजीवन सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम का संचालन **श्री बसंत मित्तल** ने किया।

जब तक आपको स्वयं पर विश्वास न हो, आप ईश्वर पर विश्वास नहीं कर सकते!
– स्वामी विवेकानंद

# आडम्बर से बचे मारवाड़ी समाज : शरद बी. पित्ती

**"आज समय की माँग है कि हम हर स्तर से आडम्बर-फिजूलखर्ची पर नियंत्रण के हर प्रयास करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। सामाजिक सुधार के लिए स्वयं से, अपने परिवार से प्रारम्भ करना आवश्यक है।"** ये उद्‌गार हैं सुख्यात पित्ती इंजीनियरिंग सोलूशंस के प्रबंध निदेशक, सुप्रसिद्ध उद्योगपति-समाजसेवी **श्री शरद बी. पित्ती** ने गत ३ मार्च २०१९ को मनियार फार्म्स, शम्सावाद, हैदराबाद में तेलंगना प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा आयोजित भव्य सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए व्यक्त किए।

सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री संतोष सराफ** ने उद्‌घाटन कर सम्मान समारोह का शुभारम्भ किया और सम्मेलन की पृष्ठभूमि, उद्देश्यों और वर्तमान गतिविधियों के विषय में विस्तार से बताया। तेलंगाना सम्मेलन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से निस्वार्थ समाजहित के कार्य करने वालों को परिचिति मिलती है और दूसरों का भी उत्साहवर्धन होता है, प्रेरणा मिलती है।

समारोह में समाज सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान हेतु हैदराबाद-सिकन्दराबाद नगरद्वय एवं आसपास के समर्पित समाजसेवियों - **सर्वश्री श्रीमती सीए अरुण लुहारुका, पुरुषोत्तमदास मानधना, प्रमोद कुमार केडिया, सीए शान्तिलाल डागा, अशोक कोठारी, अजीत गुप्ता, जिनेन्द्रराज रांका, डॉ. सरोज बजाज, कैलाश डालिया, रमाकान्त इनाणी, कमलनारायण अग्रवाल, डॉ. आर. एम. साबू, सुरेन्द्र लुणिया, श्री राजकुमार मालपाणी, श्रीनिवास बंग, इन्द्र करण अग्रवाल, डॉ. संदीप साबू, विजय कुमार पित्ती, सचिन सोनी, सीए दयानिवास शर्मा, दीपक लड्ढा, सीए ओमप्रकाश लोया, केदारनाथ अग्रवाल, मोतीलाल भलगट, पी.सी. पारख, सीए चन्द्रकान्त अग्रवाल, गोपाल व्यास, बृजगोपाल राठी, गौतम चन्द चोरड़िया, करोड़ीमल अग्रवाल, कन्हैयालाल लोहिया, कैलाशनारायण भांगड़िया, अशोक टिबड़ेवाल, धर्मराज रांका, राजगोपाल परताणी, नेमीचन्द चोरिड़िया, ओमप्रकाश अग्रवाल, बद्रीविशाल लोया, सुरेश कुमार अग्रवाल, गोपाल सोनी, जसमत भाई पटेल, पंकज अग्रवाल, जसराज बाफणा, पुष्पा बूब, अमित अग्रवाल, आर. पूनमचंद पंवार, तरुण कुमार झंवर, सुरेशचन्द्र लाहोटी, नारायणलाल बाहेती, रामदेव नागला, जेनी गुप्ता, सीए मुरली मनोहर पलोड, द्वारका मूँदड़ा 'बंटी', अलका चौधरी, मदनचंद जैन, हरीश डागा, विजय कुमार लोया, सोनिया बिहाणी** एवं **पन्ना माहेश्वरी** का सम्मान तेलंगाना सम्मेलन द्वारा किया गया।

**श्री गोपाल बल्दवा** एवं **श्री अनिल लाखोटिया** समारोह के विशिष्ट अतिथि थे। समारोह में स्थानीय मारवाड़ी महिला-पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित थे। समारोह के भव्य एवं सफल आयोजन में तेलंगाना सम्मेलन के अध्यक्ष श्री रमेश कुमार बंग, महामंत्री श्री रामपाल अट्टल, सर्वश्री लक्ष्मी निवास सारडा, अमित लड्ढा, गोपाल शर्मा, रामप्रकाश भंडारी, दीपक बंग, जुगल किशोर बर्मा आदि की अग्रणी भूमिका रही।

*सम्मानितों के साथ सम्मेलन के पदाधिकारीगण।*

# जवानों के साथ देश है एकजुट : सीताराम शर्मा
# हर परिस्थिति से निबटने को हैं तैयार : कमांडेंट सुनील कुमार

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा पुलवामा में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं भारतीय थल सेना के शहीद जवानों के लिए गत २० फरवरी २०१९ को शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता स्थित सम्मेलन सभागार में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में सम्मेलन के पदाधिकारियों-सदस्यों के अतिरिक्त केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के प्रतिनिधि के रूप में **कमांडेंट श्री सुनील कुमार यादव** उपस्थित थे।

शहीदों के सम्मान में मौनधारण से सभा का प्रारम्भ हुआ और उसके बाद सभी उपस्थितों ने शहीद वेदी पर पुष्पांजलि अर्पित की।

सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री संतोष सराफ** ने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा, अखंडता और एकता सर्वोपरि है। आतंकवाद की जटिल अमानवीय विपत्ति का सामना करने के लिए **तात्कालिक एवं दीर्घकालीन सामरिक, कूटनीतिक तथा आर्थिक, सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए एक सोची-समझी रणनीति की जरूरत है जिससे हम स्थायी रूप से इस कोढ़ से निजात पा सकें।** हमें अपनी सेना और अर्धसैनिक बलों पर पूरा भरोसा है और आज पूरा देश शहीद भाइयों के परिवारों के साथ खड़ा है।

सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष एवं समाजचिंतक **श्री सीताराम शर्मा** ने अपने वक्तव्य में कहा कि पाकिस्तान अपने विभाजन को स्वीकार नहीं कर पा रहा और वह भारत से सीधी लड़ाई में सक्षम नहीं है, इसलिए इस प्रकार की कायराना हरकतों से हमें घाव देता रहता है। उन्होंने कहा कि **आज देश अपने जवानों के साथ एकजुट खड़ा है और यह आवश्यक है कि अपनी एकता-अखंडता को बनाकर रखा जाए।** श्री शर्मा, जो एक वरिष्ठ कूटनीतिज्ञ भी हैं, ने चीन की भूमिका एवं क्षेत्रीय परिस्थितियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि **यह २१वीं सदी का भारत है और विश्व समुदाय भी हमारे साथ है, पाकिस्तान को हमेशा मुँह की खानी पड़ेगी।**

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के **कमान्डेट श्री सुनील कुमार यादव** ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि **हमारे जवान हर परिस्थिति का सामना करने को तैयार हैं, हमारे हौसले बुलंद हैं। उन्होंने कहा कि देशवासियों का नैतिक समर्थन हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।** पंजाब का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों का समर्थन अगर प्राप्त हो तो असामाजिक या आतंकवादी गतिविधियों पर नियंत्रण करना आसान हो जाता है। कश्मीर में स्थिति भिन्न है, यहाँ सरकार एवं सुरक्षाबल प्रयास कर रहे हैं कि भटके हुए लोगों को मुख्यधारा में वापस लाया जा सके।

**सभा में शहीद जवानों के परिवारों के आर्थिक सहयोग हेतु धन एकत्रित कर, इसी उद्देश्य से स्थापित 'भारत के वीर कोर्पस फंड' में, दान देने का निर्णय लिया गया।**

सभा के अंत में धन्यवाद-ज्ञापन करते हुए सम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री **श्री श्रीगोपाल झुनझुनवाला** ने कहा कि मारवाड़ी समाज स्वतंत्रता-संग्राम एवं राष्ट्र-निर्माण सहित देशहित के कार्यों

# अब तक दिए गए १०.७६ लाख रुपये

**२० फरवरी २०१९ को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में लिए गए निर्णय के अनुसार, गत २८ फरवरी २०१९ को राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिरीक्षक श्री एस. रवीन्द्रन, आई.पी.एस. के कार्यालय में उनसे मुलाकात कर 'भारत के वीर कोर्पस फंड' के लिए १०,४५,५००/- रुपयों की राशि के चेक सौंपे। २३ मार्च २०१९ को और ३१,०००/- रुपयों की राशि के चेक भेजे गए हैं।**

में सदैव अग्रणी रहा है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों का सम्मान करना एवं इन्हें हर सम्भव मदद करना प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य है। उपस्थित सदस्यों की करताल ध्वनि के बीच **श्री झुनझुनवाला ने घोषणा की कि सभास्थल पर ही 'भारत के वीर फंड' के लिए लगभग दस लाख रुपयों की राशि एकत्रित की जा चुकी है।**

सभा में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षगण **श्री रामअवतार पोद्दार** एवं **श्री प्रह्लाद राय अगरवाला**, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्रीद्वय **श्री संजय हरलालका** एवं **श्री दामोदर बिदावतका**, राष्ट्रीय संगठन मंत्री **श्री गोपाल अग्रवाल**, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष **श्री कैलाशपति तोदी**, वित्तीय उपसमिति के चेयरमैन **श्री आत्माराम सोन्थलिया**, पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री **श्री शिव कुमार लोहिया, श्रीमती कादम्बरी शर्मा, सर्वश्री गोविन्द प्रसाद केजरीवाल, जे. पी. अग्रवाल, शिव कुमार बागला, सीताराम शर्मा, रमेश कुमार बूबना, शिव रतन अग्रवाल, विश्वनाथ सिंघानिया, बृजमोहन चिड़ीमार, रतन लाल अग्रवाल, दिनेश कुमार जैन (गंगवाल), संदीप सेक्सरिया, रवि लोहिया** आदि उपस्थित थे और सभी ने अपनी-अपनी श्रद्धा-शक्ति के अनुसार अपनी दान-राशियाँ लिखवाई।

# राँची आगमन पर सम्मेलन द्वारा विदेश राज्य मंत्री डॉ. वी. के. सिंह का अभिनन्दन

केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री जनरल डॉ. वी. के. सिंह के राँची आगमन पर अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने माननीय मंत्री महोदय से राजकीय अतिथिशाला में शिष्टाचार भेंट की।

शिष्टमंडल ने श्री सिंह के साथ पुलवामा हमले और शहीदों के परिवारों को समर्थन सहित राष्ट्र की वर्तमान स्थिति पर विचार-विमर्श किया। श्री सिंह ने मारवाड़ी समाज द्वारा किए जा रहे सेवा-कार्यों एवं राष्ट्र-निर्माण में अग्रणी भूमिका पर प्रसन्नता व्यक्त की। ध्यातव्य है कि गत ९ जून २०१८ को वाराणसी में आयोजित सम्मेलन के २५वें राष्ट्रीय अधिवेशन का उद्घाटन श्री सिंह के कर-कमलों से ही हुआ था।

शिष्टमंडल में सर्वश्री रतनलाल बंका, बसंत कुमार मित्तल, रविशंकर शर्मा, पवन पोद्दार, कौशल राजगढ़िया, पवन शर्मा, भगवती प्रसाद भुवालका एवं श्रीमती पुष्पा भुवालका शामिल थीं। इस अवसर पर राँची नगर निगम की महापौर श्रीमती आशा लकड़ा विशेष रूप से उपस्थित थीं।

---

# एक आदर्श और प्रेरक विवाह

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन वैवाहिक समारोह रात की बजाय को दिन में करने की बात कहता आया है। यह बात भी हमेशा से उठती रही है कि किसी भी सुधार की प्रक्रिया की शुरूआत धनाढ्य वर्ग से होनी चाहिए। इसी तरह का एक विवाह गत २१ फरवरी २०१९ को हावड़ा में देखने को मिला, जिसे आदर्श एवं प्रेरणाप्रद विवाह की संज्ञा दी जा सकती है।

बालीगंज, कोलकाता के संभ्रान्त चिरानेवाला परिवार के **सुपुत्र देवेश (सुपुत्र श्री संजय कुमार चिरानेवाला) का विवाह श्री महेन्द्र अग्रवाल की सुपुत्री मोना के साथ वैदिक रीति-रिवाजों के साथ सम्पन्न हुआ। सिर्फ इतना ही दोपहर के भोजन के पश्चात शाम को वर-वधू की विदाई भी हो गई। सुखद अहसास यह भी रहा कि सम्पूर्ण वैवाहिक रस्म हावड़ा में स्थित पाकुड़ सालासार धाम मन्दिर में सम्पन्न हुई।**

इस विवाह में उपस्थित अखिल मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री संतोष सराफ**, उद्योगपति **श्री रविन्द्र चमड़िया, श्री जयदेव प्रसाद रावलवासिया** आदि ने इस विवाह की भूरि-भूरि प्रशंसा की। श्री सराफ ने कहा कि **चिरानिया एवं अग्रवाल परिवार ने समाज के सामने एक उदाहरण पेश किया है।**

# होली में उपाधियों का

| नाम सर्वश्री | उपाधि |
|---|---|
| संतोष सराफ | सम्मेलन का झडा |
| नंदलाल रुँगटा | हर दिल अजीज |
| रामअवतार पोद्दार | संविधान विशेषज्ञ |
| विवेक गुप्त | उपर की छलांग |
| राज कुमार पुरोहित | मिनिस्टर विदाउट पार्टफोलिओ |
| अनिल कुमार जाजोदिया | समय का अभाव |
| श्रीगोपाल झुनझुनवाला | धर्म ध्वजा |
| दामोदर प्रसाद विदावतका | भरोसे का आदमी |
| कैलाशपति तोदी | कायदे आजम |
| भानीराम सुरेका | मन की बात |
| अमित अगरवाला | युवा सम्राट |
| रमेश कुमार बंग | नेक इरादे |
| बिनोद तोदी | अपना राग अपनी ढपली |
| निर्मल कुमार काबरा | मारवाड़ी में बोलो |
| कमलेश कुमार नाहटा | उपस्थिति दर्ज करा दूंगा |
| रामेश चन्द्र गोपीकिशन बंग | इच्छा तो बहुत है |
| मधुसूदन सिकरिया | पूर्वोत्तर का किला |
| नन्द किशोर अग्रवाल | निभा रहा हूँ |
| राज कुमार मिश्रा | दिल्ली का मोर्चा |
| अशोक कुमार जालान | उदीयमान |
| रंजीत कुमार जालान | मै व्यस्त हूँ |
| जय प्रकाश अग्रवाल | समझना बाकी है |
| पुरुषोत्तम सिंघानिया | सहज सरल |
| उमाशंकर अग्रवाल | बहुत कुछ करना है |
| अशोक कुमार जे. मूंधड़ा | नयी डगर |
| डॉ. सुभाष अग्रवाल | नया आसमान |

| नाम सर्वश्री | उपाधि |
|---|---|
| सीताराम शर्मा | चुम्बकीय आकर्षण |
| डॉ. हरिप्रसाद कानोड़िया | आध्यात्मिक ज्ञान |
| प्रह्लाद राय अगरवाला | मैने पारी खेल ली |
| गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया | दौरे पर दौरा |
| विजय कुमार किशोरपुरिया | चमक-धमक |
| पवन कुमार गोयनका | चेन्नई का झंडा |
| संजय हरलालका | मेरी आवाज |
| गोपाल अग्रवाल | भाई साहब |
| रतन शाह | धीर गंभीर |
| श्रीमती उषा किरण तिवड़ेवाल | हम साथ-साथ हैं |
| उमेश गर्ग | नेक इरादे |
| रामपाल अट्टल | कर्मठ |
| महेश जालान | युवा अनुभव |
| सुरेश सोन्थलिया | हिज मास्टर्स वायस |
| सुभाष पगारिया | समय का अभाव |
| बिरेन्द्र प्रसाद धोका | कुछ भी असंभव नहीं |
| राजकुमार तिवाड़ी | जनसेवा |
| शिव कुमार अग्रवाल | पुराना कागज |
| लक्ष्मीपत भूतोड़िया | पर्दे के पीछे |
| विजय कुमार केडिया | सुहृद |
| रंजीत कुमार टिबड़ेवाल | सब ठीक है |
| संदीप कुमार सिंघल | कर्मठ |
| अमर बंसल | युवा जोड़ा |
| ललित मोहन अग्रवाल | बनारसी पान |
| अशोक केडिया | अनुभवी |
| रमाकान्त सराफ | बढ़ते कदम |

# मुक्तहस्त वितरण

| नाम सर्वश्री | उपाधि |
|---|---|
